प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

26.09.2024/प्रादेशिक समाचार/1945बजे

"आज के मुख्य समाचार"

- लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने प्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय हवाई संपर्क और रेलवे नेटवर्क को मज़बूत करने की ज़रूरत पर दिया बल।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा– संजौली मस्जिद विवाद में कांग्रेस का दोहरा चरित्र आया सामने– मामले को लेकर सरकार से स्थाई हल निकालने की मांग।
- स्ट्रीट वैंडर्स के लिए नेम प्लेट सहित अन्य सुझावों पर विचार करेगी राज्य सरकार।
- चम्बा ज़िला के चुराह ब्लॉक की देवीकोठी पंचायत के लोगों ने क्षेत्र में सड़क सुविधा उपलब्ध करवाने का सरकार से किया आग्रह।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय शहरी सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि व पैनलिस्ट के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि हिमाचल की लगभग 10 प्रतिशत आबादी शहरी क्षेत्रों में रहती है और राज्य सरकार उन्हें जीवंत और विकसित शहरी क्षेत्रों के रूप में बदलने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि धर्मशाला और शिमला स्मार्ट सिटी के रूप में उभर रहे हैं। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार ने राष्ट्रीय शहरी डिजिटल मिशन के तहत अर्बन प्लेटफॉर्म फॉर डिलीवरी ऑफ ऑनलाइन गवर्नेंस को लागू करने की पहल की है। उन्होंने शहरीकरण के लिए राज्य में अंतर्राष्ट्रीय हवाई संपर्क और रेलवे नेटवर्क को मज़बूत करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार हरित हाईड्रोजन की दिशा में भी अभिनव पहल कर रही है। इस दौरान शहरी शासन सूचकांक 2024 भी लाँच किया गया।

प्रदर्शनी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर प्रदेश भाजपा द्वारा सेवा पखवाड़ा के तहत शिमला के मालरोड़ पर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। मोदी सरकार के ऐतिहासिक कार्यों पर आधारित इस प्रदर्शनी का शुभारंभ नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने किया। तीन दिन तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन से जुड़ी प्रेरक बातों को भी दर्शाया गया है। जयराम ठाकुर ने इस प्रदर्शनी के आयोजन के लिए पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को साधुवाद देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने भारत को दुनिया के अग्रणी देशों की प्रथम पंक्ति में लाकर खड़ा किया है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि संजौली मस्जिद विवाद में कांग्रेस का दोहरा चरित्र सामने आ रहा है। उन्होंने कहा कि अवैध मस्जिद पुलिस व प्रशासन द्वारा सील करने के बावजूद ए.आई.एम.आई.एम नेता ने वीडियो बनाकर शिमला के शांत माहौल को खराब करने की

कोशिश की है, जिसके खिलाफ सरकार को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। जयराम ठाकुर ने कहा कि अभी तक इस व्यक्ति की गिरफ्तारी नहीं हुई है जबकि शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वाले हिंदू नेताओं के खिलाफ पुलिस ने सरकार के इशारे पर कार्रवाई की है। उन्होंने इस मसले पर जनभावनाओं का सम्मान करते हुए सरकार से स्थाई हल निकालने की मांग की है।

जगत सिंह नेगी

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि वर्तमान राज्य सरकार प्रदेश सहित जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा का स्तर बेहतर बनाने के लिए कई कदम उठा रही है। उन्होंने आज किन्नौर ज़िले में निचार विकासखंड की राजकीय उच्च पाठशाला कंगोस में निर्मित खेल मैदान का लोकार्पण किया। बाद में जगत सिंह नेगी ने सुंगरा पंचायत में 5 करोड़ रूपए से अधिक की लागत से बनने वाले संपर्क मार्ग सुंगरा कंडा का शिलान्यास भी किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार वन अधिकार अधिनियम 2006 के माध्यम से उपेक्षित वर्गों को भूमि का मालिकाना हक प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान राजस्व मंत्री ने जनसमस्याएं भी सुनीं और सभी जायज़ मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया।

शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा है कि राज्य सरकार का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के लोगों को घर–द्वार के समीप बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। वे आज सोलन ज़िले के कुमारहट्टी स्थित महर्षि मारकंडेश्वर विश्वविद्यालय में तीन आधुनिक एम.आर.आई मशीनों का लोकार्पण करने के अवसर पर बोल रहे थे। शांडिल ने कहा कि सभी विधानसभा क्षेत्रों में एक–एक आदर्श स्वास्थ्य संस्थान खोला जा रहा है और इनमें सभी प्रकार की सुविधाएं होंगी।

कंगना रनौत

मण्डी लोकसभा क्षेत्र से सांसद कंगना रनौत ने आज कुल्लू विधानसभा क्षेत्र के चंसारी गांव में आयोजित बिजली महादेव मेले में शामिल होकर लोगों की सुख–समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने चंसारी के उच्च माध्यमिक विद्यालय के नवनिर्मित भवन में सुरक्षा दीवार के लिए सांसद निधि से 19 लाख रूपए की राशि विद्यालय प्रबंधन समिति को सौंपी। कंगना रनौत ने कहा कि क्षेत्र के विकास और बच्चों को शिक्षा की बेहतर सुविधाएं प्रदान करना उनकी प्राथमिकता है।

वेंडर्स नीति

राज्य सरकार को स्ट्रीट वेंडर्स नीति के संबंध में समाज के विभिन्न वर्गों से सुझाव प्राप्त हुए हैं और इस मामले के हर पहलू पर संवेदनशीलता के साथ विचार किया जा रहा है। एक सरकारी प्रवक्ता ने आज शिमला में बताया कि अभी तक प्रदेश सरकार ने विक्रेताओं द्वारा अपनी दुकानों पर नेम प्लेट या अन्य पहचान अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करने के संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार स्ट्रीट वेंडर्स से संबंधित मुद्दों का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है और इस सन्दर्भ में निर्णय लेने से पहले सभी सुझावों पर संवेदनशीलता से विचार किया जाएगा। प्रवक्ता ने कहा कि इस संबंध में संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान की

अध्यक्षता में कांग्रेस और भाजपा विधायकों की एक समिति का गठन किया गया है। समिति इस मामले में प्रदेश सरकार को अपनी सिफारिशें देने से पूर्व विभिन्न हितधारकों के सुझावों की समीक्षा करेगी। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल द्वारा इन सिफारिशों का गहनता से मूल्यांकन करने के बाद ही अन्तिम निर्णय लिया जाएगा।

मांग

चम्बा ज़िला के चुराह विधानसभा क्षेत्र के कई गांव अभी भी सड़क सुविधा से वंचित हैं। आकांक्षी ब्लॉक चुराह की देवीकोठी पंचायत के पूर्व उपप्रधान जयदयाल और पूर्व बी.डी.सी. सदस्य काबली राम शर्मा ने बताया कि पंचायत के गलवा, काकनी, निवा, बांजल और सिलोन सहित कई अन्य गांवों में सड़क सुविधा के अभाव में लोगों को अनेक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोग पिछले करीब 40 वर्षों से तरवाई से बांजल तक सड़क सुविधा की मांग कर रहे हैं लेकिन आज दिन तक किसी भी सरकार ने उनकी इस मांग को पूरा नहीं किया है। पंचायत में सड़क संपर्क न होने के चलते लोगों को 10 से 12 किलोमीटर का पैदल सफर कर सड़क तक पहुंचना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने सरकार से क्षेत्र में जल्द सड़क सुविधा मुहैया करवाने का आग्रह किया है ताकि उन्हें परेशानियों से निजात मिल सके।

यादविंदर गोमा

आयुष मंत्री यादविन्दर गोमा ने कहा है कि प्रदेश सरकार लोगों को घरद्वार के समीप बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए दृढ़संकल्प है। कांगड़ा ज़िला के पालमपुर में आज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खैरा की रोगी कल्याण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने ये बात कही। गोमा ने कहा कि रोगी कल्याण समिति के सदस्यों व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से संस्थान में और अधिक बेहतर सुविधाएं सृजित करवाने के लिए आपसी तालमेल से कार्य करने का आग्रह किया।

जागरूकता शिविर

नीति आयोग द्वारा चलाये जा रहे सम्पूर्णता अभियान के अंतर्गत कृषि विभाग चंबा द्वारा दुलाहर पंचायत में एक किसान जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में किसानों को मिट्‌टी परीक्षण के लाभों के बारे में जानकारी गई। इस अवसर पर 50 किसानों को मिटटी स्वास्थ्य कार्ड वितरित किये गये। इस अवसर पर चंबा के कृषि उप निदेशक डॉक्टर कुलदीप धीमान ने सभी किसानों से आग्रह किया है कि वह अपने खेतों की मिट्टी का परीक्षण करवाने के लिए नजदीकी कृषि कार्यालय में संपर्क करें।

मैराथन

भारतीय सेना द्वारा 28 व 29 सितम्बर को ऑपरेशन सदभावना के तहत स्पीति घाटी में मैराथन का आयोजन किया जाएगा। पत्र सूचना कार्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार ये ऐतिहासिक आयोजन प्रदेश के लाहौल–स्पीति ज़िले में काज़ा उपमण्डल के समदो स्थित हिम योद्धा सैन्य स्टेशन में होगा।

इधर, हिमाचल प्रदेश पुलिस द्वारा 29 सितम्बर को शिमला के रिज मैदान से हाफ मैराथन का आयोजन किया जाएगा। पुलिस विभाग के एक प्रवक्ता के अनुसार स्वस्थ हिमाचल–नशा मुक्त हिमाचल थीम पर आधारित ये मैराथन सुबह 7 बजे से शुरू होगी।

मौसम

प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता से राज्य के कई स्थानों पर पिछले 24 घंटों के दौरान व्यापक वर्षा हुई है। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला के निदेशक कुलदीप श्रीवास्तव ने बताया कि सिरमौर ज़िला के पांवटा में सर्वाधिक एक सौ 65 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जबकि गुलेर में एक सौ 34, नगरोटा में एक सौ 25, नाहन में 94, जोगिन्द्रनगर में 90, बैजनाथ में 75 और धर्मशाला में 54 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के दौरान कांगड़ा, मण्डी, चम्बा, सोलन, कुल्लू और शिमला ज़िले में कई स्थानों पर फ्लैश फ्लड का अलर्ट जारी किया है।

'मुख्य समाचार एक बार फिर'

- लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने प्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय हवाई संपर्क और रेलवे नेटवर्क को मज़बूत करने की ज़रूरत पर दिया बल।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा– संजौली मस्जिद विवाद में कांग्रेस का दोहरा चरित्र आया सामने– मामले को लेकर सरकार से स्थाई हल निकालने की मांग।
- स्ट्रीट वैंडर्स के लिए नेम प्लेट सहित अन्य सुझावों पर विचार करेगी राज्य सरकार।
- चम्बा ज़िला के चुराह ब्लॉक की देवीकोठी पंचायत के लोगों ने क्षेत्र में सड़क सुविधा उपलब्ध करवाने का सरकार से किया आग्रह।